शंकर भोलेनाथ देव बड़े ही न्यारे | By Sanjay Chauhan |

शंकर भोलेनाथ देव बड़े ही न्यारे।
शंकर भोलेनाथ देव बड़े ही न्यारे।
ये मन के भोले-भाले, सब भक्तों के प्यारे,
शंकर भोलेनाथ देव बड़े ही न्यारे॥

कहलाने को तो ये जोगी कहावे,
चाहे तन पर धूनी खूब रमावे।
परंतु भक्तों को ये कर देते वारे-न्यारे,
शंकर भोलेनाथ देव बड़े ही न्यारे॥

छल से भस्मासुर ने वरदान माँगा,
शिव को ही भस्म करने पीछे-पीछे भागा।
बीच में आकर नारद भस्मासुर को मारे,
शंकर भोलेनाथ देव बड़े ही न्यारे॥

विष्णु ने मोहिनी का रूप बनाया,
मोहिनी रूप शिव को ही मन भाया।
शिवजी को समझाने देवता आए सारे,
शंकर भोलेनाथ देव बड़े ही न्यारे॥

भक्तजनों के सारे संकट मिटावे,
अमृत देकर विष को खुद पी जावे।
सारे मिलकर बोलो शिवजी के जयकारे,
शंकर भोलेनाथ देव बड़े ही न्यारे॥

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a4%82%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%b5-%e0%a4%ac%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%80-%e0%a4%a8/